उमा कहउँ मैं अनुभव अपना। सत हरि भजनु जगत सब सपना ॥
निज अनुभव अब कहउँ खगेसा। बिनु हरि भजन न जाहिं कलेसा ॥
|| मानस हरि भजन || Ram Katha 948-*Thanjavur, Tamil Nadu, India || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 166 | इंदौर, मंगलवार 31 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## इंदौर में पौधरोपण-स्वच्छता में अव्वल रहने का रिकॉर्ड तो युगपुरुष धाम की घटना से दहलाया था दिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर ने साल 2024 में अपनी पहचान को और मजबूती देते हुए कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं। साथ ही, कुछ घटनाओं ने शहर को झकझोर कर रख दिया। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक धरोहर के लिए पहचाने जाने वाले इंदौर ने इस साल राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग छाप छोड़ी। आइए, साल 2024 की प्रमुख घटनाओं पर एक नजर डालते हैं।

**नगर निगम में 150 करोड़ का घोटाला-** अप्रैल में इंदौर नगर निगम में बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया। ड्रेनेज लाइन और सड़क निर्माण जैसे कामों के लिए फर्जी बिलों के जरिए 150 करोड़ रुपए का गबन हुआ। इस घोटाले में कई अधिकारियों और कर्मचारियों पर केस दर्ज किए गए हैं। मामले की जांच अभी जारी है।

**स्वच्छता में लगातार सातवीं बार अवॉर्ड-** जनवरी में इंदौर ने एक बार फिर देश के सबसे स्वच्छ शहर का अवॉर्ड अपने नाम किया। यह लगातार सातवीं बार था जब इंदौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण में पहला स्थान हासिल किया। इस बार यह अवॉर्ड इंदौर और सूरत को संयुक्त रूप से दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में यह सम्मान सीएम डॉ. मोहन यादव को प्रदान किया।

**सिरपुर रामसर साइट की घोषणा-** फरवरी में वर्ल्ड वेटलैंड्स डे के मुख्य कार्यक्रम की मेजबानी इंदौर के सिरपुर क्षेत्र में हुई। इसे रामसर साइट के रूप में घोषित किया गया, जिससे आर्द्र भूमि संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर सिरपुर को पर्यावरण संरक्षण का आदर्श स्थल बनाने की बात कही।

**51 लाख पौधारोपण:** एक नया रिकॉर्ड- जून में इंदौरवासियों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया। 51 लाख पौधे लगाए गए, जिसमें एक ही दिन में 11 लाख पौधे लगाने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने घोषणा की कि इंदौर हर साल 51 लाख पौधे लगाने का प्रयास करेगा।

**युगपुरुष धाम आश्रम में बच्चों की मौत-** जुलाई में युगपुरुष धाम आश्रम में दस बच्चों की मौत का मामला सामने आया। अलग-अलग कारणों से हुई इन मौतों के बाद आश्रम का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया। वहां के बच्चों को उज्जैन के एक अन्य आश्रम में शिफ्ट कर दिया गया।

**बैंक में गोली चलाकर लूट-** जुलाई में पंजाब नेशनल बैंक में 6 लाख रुपए की लूट ने शहर को दहला दिया। घटना को अंजाम देने वाला सुरक्षाकर्मी सेना से हटाया गया व्यक्ति था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और जांच के बाद मामले का खुलासा किया।

**अवैध बेसमेंट पर कार्रवाई-** अगस्त में नगर निगम ने सुरक्षा मानकों के उल्लंघन को लेकर बड़े पैमाने पर अवैध बेसमेंट सील करने की कार्रवाई शुरू की। कई प्रमुख होटल और मॉल के बेसमेंट सील किए गए, जिससे सुरक्षा पर ध्यान देने का संदेश दिया गया।

**राष्ट्रीय जल पुरस्कार-** अक्टूबर में इंदौर को पांचवां राष्ट्रीय जल पुरस्कार मिला। जल संरक्षण में इंदौर अग्रणी जिले के रूप में उभरा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार कलेक्टर आशीष सिंह को प्रदान किया।

**प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल-** अक्टूबर में प्रधानमंत्री ने ESIC के नए अस्पताल का वर्चुअल लोकार्पण किया। 85 एकड़ में फैले इस अस्पताल से 12 लाख कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इसे 3.78 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है, जो प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल है।

**तलवारबाजी का विश्व रिकॉर्ड-** नवंबर में नेहरू स्टेडियम में 5000 से अधिक महिलाओं ने एक साथ तलवारबाजी करते हुए विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिलाओं की ताकत और आत्मरक्षा के प्रति उनके समर्पण की प्रशंसा की।

**यूरेशियन ग्रुप की बैठक-** नवंबर में यूरेशियन ग्रुप की बैठक में 25 देशों के 250 प्रतिनिधि इंदौर आए। इस बैठक में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद की फंडिंग के खिलाफ रणनीति बनाने पर चर्चा हुई।

**कांग्रेस कार्यालय पर हमला-** दिसंबर में कांग्रेस कार्यालय पर आंबेडकर विवाद को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हमला किया। काला तेल फेंकने और तोड़फोड़ की घटना में पुलिस मूक दर्शक बनी रही। इस घटना ने राजनीतिक तनाव को और बढ़ा दिया।

**एक साथ उठी चार अर्थियां-** साल के अंत में दिसंबर में एक भीषण सड़क हादसे में देशमुख परिवार के पांच सदस्यों की मौत ने पूरे शहर को शोक में डाल दिया। यह घटना करौली में हुई, जब उनकी कार एक बस से टकरा गई।

### सीएम डॉ. यादव विधायकों से बोले

# अपनी अपनी विधानसभा का अगले पांच साल का मास्टर प्लान बनाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को समत्व भवन में ग्वालियर और चंबल संभाग की समीक्षा बैठक ली। सीएम बैठक में भोपाल से वर्चुअली जुड़े। उन्होंने विधायकों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र का पांच साल का मास्टर प्लान बनाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक जनता के कार्यों को प्राथमिकता दें और विकास कार्य समय पर पूरे करें, ताकि योजनाबद्ध तरीके से क्षेत्र का विकास हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता देती है और सभी विभागों को समयबद्ध तरीके से जनता को सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध किया गया है। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनता तक सरकार की जनकल्याण योजनाओं को पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से काम करें। इसके तहत 'आपकी सरकार, आपके द्वार' अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विधायक और अधिकारी घर-घर जाकर इसका अवलोकन करें।**



### सीएम ने कलेक्टरों को दी चेतावनी

ग्वालियर संभाग में लंबित कार्यों की समीक्षा करते हुए, मुख्यमंत्री ने ग्वालियर की जेसी मिल्स के मजदूरों का लंबित भुगतान तुरंत करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने बोरवेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कलेक्टरों को कड़ी चेतावनी दी और कहा कि कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### गौ-अभयारण्य की जगह गौ-वंश विहार स्थापित करें

गौ-अभयारण्य के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ-वंश के लिए गौ-वंश विहार स्थापित किया जाएगा और उसकी उचित देखभाल सुनिश्चित की जाएगी, क्योंकि गौ-वंश वन में निवास नहीं करता। गौ-वंश के लिए चारे की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। नगर पालिका एवं नगर निगम अपनी-अपनी सीमा क्षेत्र में छोटी गौ-शालाओं का समुचित प्रबंधन करें।

### आठ जनवरी की बैठक में रखी अपनी मांगें

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने ग्वालियर संभाग के जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न मांगें रखे जाने पर उन्हें बताया कि ग्वालियर संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल 8 जनवरी 2025 को ग्वालियर में बैठक करेंगे। सभी जनप्रतिनिधि इन्हें लिखित में अपना मांग-पत्र सौंप दें। सभी की मांगों पर विचार कर सरकार समुचित निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि अब संभागस्तरीय बैठकों में वित्त विभाग के संभागीय अधिकारी भी शामिल होंगे। यह अधिकारी विकास कार्यों के वित्तीय मामलों में अपनी बात और सुझाव रख सकेंगे।

# 3 राज्यों में बर्फबारी UP में विजिबिलिटी 50 मीटर

### ◆ मप्र में तापमान 3.5 डिग्री

### ◆ राजस्थान में कल माइनस में जा सकता है पारा

**नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ श्रीनगर। देश के तीन राज्यों में लगातार बर्फबारी हो रही है। जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में तापमान माइनस 10 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी बर्फबारी के कारण कई सड़कें बंद हैं।**



3 राज्यों में बर्फ गिरने के कारण टूरिस्ट भारी संख्या में हिल स्टेशन पहुंच रहे हैं। हिमाचल में 2 दिन में 45 हजार वाहन पहुंचे हैं। शिमला में पिछले 2 दिनों में 24 हजार वाहनों में 80 हजार से ज्यादा टूरिस्ट न्यू ईयर का जश्न मनाने पहुंचे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को पहाड़ों की बर्फीली हवा से UP, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली में तापमान गिरेगा। उत्तर भारत में शीतलहर और घने कोहरे के आसार हैं। उत्तर प्रदेश के 52 जिलों में शीतलहर चल रही है। वहीं, 60 जिलों में घना कोहरा देखने को मिल रहा है। मुरादाबाद और आजमगढ़ में विजिबिलिटी 50 मीटर तक रह गई है। कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर 37 ट्रेनें 8 घंटे तक लेट आईं। मध्य प्रदेश में भी तापमान लगातार गिर रहा है। नीमच में पारा 3.5* तक पहुंचा गया है। वहीं, राजस्थान 3 दिन तक कोल्डवेव का अलर्ट है। हिल स्टेशन माउंट आबू में कल से 3 दिन के बीच पारा माइनस में जा सकता है। फिलहाल यहां तापमान 1* है।

# इंदौर रेलवे स्टेशन के साथ ही लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन को भी बनाया जा रहा है सर्वसुविधायुक्त

## लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर लगभग 105 करोड़ रुपये लागत के कार्य जारी

◆ सांसद श्री शंकर लालवानी ने लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन का दौरा कर यहां चल रहे कार्यों का जायजा लिया




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सांसद श्री शंकर लालवानी ने आज इंदौर के लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन का दौरा कर यहां चल रहे कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। श्री लालवानी ने बताया कि लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन को सर्व सुविधायुक्त बनाने के लिए यहां लगभग 105 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्य चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि इंदौर के मेन रेलवे स्टेशन के री-डेवलपमेंट का कार्य भी शीघ्र ही प्रारंभ किया जायेगा। इसे वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा। बताया गया कि यात्रियों की सुविधा के लिए सांसद श्री शंकर लालवानी की पहल पर लक्ष्मीबाई नगर एवं महू रेलवे स्टेशन को विकल्प के तौर पर तैयार करवाया जा रहा है। सांसद श्री शंकर लालवानी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद करते हुए कहा कि इंदौर के मुख्य रेलवे स्टेशन का री-डेवलपमेंट कार्य अगले महीने से शुरू हो रहा है। इसके पहले लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन को सर्व सुविधा युक्त बनाने के लिए लगभग 105 करोड़ रुपए लागत के कार्य किये जा रहे हैं। लक्ष्मी बाई नगर रेलवे स्टेशन पर दो मंजिला स्टेशन बिल्डिंग, दो नए प्लेटफार्म, दो फुट ओवर ब्रिज, 8 लिफ्ट, अतिरिक्त लूप लाइन, यात्रियों के बैठने की व्यवस्था, सुविधागृह, पार्किंग, पीने के पानी की सुविधा, पार्सल ऑफिस, फ़ूड प्लाजा, क्लॉक रूम, बेबी केयर रूम, एटीएम मशीन समेत कई सुविधाएं होंगी।

### सशस्त्र सेना झण्डा निधि में नव आदर्श विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल ने दिया

## एक लाख 11 हजार रुपये की धन राशि का योगदान



**इंदौर**। नव आदर्श विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, केलोद हाला, इंदौर द्वारा पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के सहायतार्थ सशस्त्र सेना झण्डा निधि में एक लाख 11 हजार रुपये की सहयोग राशि का योगदान दिया है। यह दान राशि जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चंद्र मालवीय (से. नि.) को आज रविन्द्र नाट्य गृह में आयोजित स्कूल के वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान भेंट स्वरुप प्रदान की गई।

कमांडर नगेश चंद्र मालवीय ने बताया कि सशस्त्र सेना झण्डा निधि के राशि का उपयोग भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये किया जाता हैं। इस सराहनीय योगदान के लिये जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने स्कूल के सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान वार्षिक कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने इस राशि का पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनायों में उपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्र -छात्राओं को भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए प्रोत्साहित भी किया तथा तीनों सेनाओ में भर्ती होने की अलग-अलग प्रकार एवं योजनायों की जानकारी भी दी। इस दौरान जानकारी दी गई कि एक लाख रूपये से अधिक की धनराशि का योगदान देने पर आगामी वर्ष में राज भवन में आयोजित होने वाले समारोह में राज्यपाल द्वारा संस्था को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा।

### जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) बैठक 2 जनवरी को

**इंदौर।** सांसद श्री शंकर लालवानी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) संबंधी बैठक 02 जनवरी 2025 को सुबह 10 :30 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने बताया बैठक में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की समीक्षा, गांव की आबादी का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्र की समीक्षा तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन शहरी एवं ग्रामीण की समीक्षा आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## जिले में वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये चल रहे विशेष अभियान को गति प्रदान की जाएगी

### सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में विभागों को रैंकिंग सुधारने के निर्देश

**कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर जिले में आगामी दिनों में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये चल रहे विशेष अभियान को गति प्रदान की जाएगी। अभियान में तेजी लाने के लिये आंगनवाडी कार्यकर्ताओं की सेवाएं भी ली जाएंगी। वे घर-घर जाकर पात्र वरिष्ठ नागरिकों को चिह्नित करेंगी। अभियान में शामिल आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को इसके लिये विशेष प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में अधिकारी अपने-अपने विभाग की रैंकिंग सुधारें। शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का एक माह का वेतन काटे जाने तथा विभागीय जाँच का प्रस्ताव भेजे जाने के निर्देश दिये।**

कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टी. एल.) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीइओ श्री दिव्यांक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी.अहिरवार, अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति शर्मा, श्री राजेन्द्र रघुवंशी तथा श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने समय-सीमा के पत्रों, सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर योजनावार प्रगति की विभागवार समीक्षा की। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में निराकरण में अधिकारी अपने-अपने विभागों की रैंकिंग में सुधार किये जाने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिये कि प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को अनिवार्य रूप से देखें तथा प्राप्त आवेदनों को संतुष्टि के साथ सकारात्मक तरीके से निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें।

## एक दिवसीय रोजगार मेला 6 जनवरी को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिले के बेरोजगार आवेदकों को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय (युवा संगम) रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केन्द्र इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रोजगार मेले का आयोजन 06 जनवरी 2025 सोमवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नन्दानगर इन्दौर में किया जा रहा है। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरा अवसर के साथ-साथ व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन भी दिया जायेगा। साथ ही रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे-इन्दौर स्टील, विशाल फेब, रूपरंग, मोजेक वर्क स्कील, अल्ट्रोज टेक्नोलॉज, पटेल मोटर्स, नवशक्ति बॉयो कॅयर, उर्जा टेक सर्विसेस, आई०एफ०एफ० ओवरसिज, बी-एबल आदि कम्पनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कम्पनियों द्वारा लगभग 300 से अधिक विभिन्न पदों जैसे सेल्स एक्जिकिटीव, टेलीकॉलर, पैकिंग, सेल्स, टीमलिडर, ड्राइवर, बैकआफिस, हेल्पर, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, टेलर, सुरक्षा गार्ड आदि पदों हेतु आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे । उक्त मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक जो की हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर किसी भी विषय में उत्तीर्ण एवं तकनीकी योग्यता जैसे आईटीआई के आवेदक भी उक्त पदों हेतु रोजगार मेले में भाग लेकर योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के साथ बायोडेटा की प्रतियों एवं अन्य प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड आदि के प्रमाणपत्रों की फोटो प्रतियों भी आवश्यक रूप से साथ लेकर आएं।

### निगम ने जारी किए टेंडर

# अब इंदौर में चलेगी डबल डेकर बसें, ट्रायल रहा सफल

**इंदौर। शहर में डबल डेकर बस का ट्रायल सफल हो गया है और अब नियमित रुप से इसे कुछ रुटों पर चलाने की तैयारी एआईसीटीएसएल ने की है। इसके लिए टेंडर भी जारी किए गए है, जो 21 जनवरी को खोले जाएंगे।**



फरवरी माह तक आपरेटर तय होने के बाद बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इंदौर में एक माह तक शहर के अलग-अलग मार्गों पर डबल डेकर बस को चलाकर देखा गया था। डबल डेकर बस चौड़े मार्गों पर ही संचालित की जाएगी। इंदौर में फिलहाल चार बसों को चलाने की तैयारी है। डबल डेकर बस की कीमत ज्यादा है। एक बस 2 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होती है। फिलहाल इंदौर के पर्यटन केंद्रों तक भी इसे चलाने की योजना है। बस में 80 से ज्यादा यात्री बैठ सकते है। इसके अलावा दो बसों का अन्य रुटों पर चलाने की योजना है। यह बसें इलेक्ट्रिक होंगी। अक्टूबर में बस निर्माता कंपनी ने एक डबल डेकर बस इंदौर भेजी थी। कुछ मार्गों पर इसका संचालन सफल रहा था। तब तय किया गया था कि यह बसें शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र है और इसका संचालन कुछ रुटों पर किया जा सकता है। फिलहाल इन बसों को विजय नगर, स्कीम 140, सुखलिया ग्राम, स्टॅार चौराहा जैसे रुटों पर चलाने की संभावना है। यहां की सड़कें चौड़ी है और यात्रियों की संख्या भी ज्यादा है। आपको बता दे कि डबल डेकर बसों की लंबाई 9 मीटर है, जबकि ऊंचाई 15 फीट। डबल डेकर बस सिंगल चार्जर में ढाई सौ किलोमीटर तक का सफर तय करेगी।

## एमआईसी सदस्य ने भिक्षावृती रोकने किया अभिनय

### पार्षद मनीष मामा शॉर्ट फिल्म में बने भिखारी



इंदौर। नगर निगम शहरी गरीबी उपशमन विभाग के प्रभारी और भाजपा नेता मनीष शर्मा ने भिक्षुक मुक्त इंदौर अभियान को प्रोत्साहित करने और भिक्षावृत्ति रोकने के लिए एक अनूठी पहल की है। उन्होंने इसके लिए एक शॉर्ट फिल्म बनाई है। जिसमें वे भिक्षुक का अभिनय करते हुए केन्द्र सरकार के स्माइल प्रोजेक्ट के तहत भिक्षा मांगने वालों को मुख्यधारा से जोड़ने वाली योजनाओं का प्रचार कर रहे हैं। शॉर्ट फिल्म में शर्मा ने फटी बनियान पहन भिक्षुक का अभिनय किया है। गौरतलब है कि जिला प्रशासन काफी समय से इंदौर में भिक्षावृत्ती को रोकने के लिए प्रयास कर रहा है। एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा ने कहा कि, इंदौर की जनता के लिए मैं कुछ भी कर सकता हूं। शहर हित में कोई भी भूमिका निभाने के लिए हूं तैयार। शर्मा की यह शॉर्ट फिल्म सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। वहीं दूसरी ओर इंदौर में भिक्षुक अभियान के दौरान रेस्क्यू किए गए भिखारियों के पास हजारों रुपए मिल रहे हैं। मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि अन्य प्रदेशों से भिखारी यहां आकर भिक्षावृत्ति कर रहे हैं। बता दें कि इंदौर में भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए कलेक्टर आशिष सिंह ने भी आदेश जारी किए है। कलेक्टर आशीष सिंह ने एक जनवरी 2025 से भिक्षुकों को भिक्षा देने वालों के खिलाफ भी आपराधिक प्रकरण दर्ज करने का कहा है। यह कार्रवाई भारतीय भिक्षावृत्ति निरोधक अधिनियम की धारा 163 के तहत की जाएगी। शर्मा ने बताया कि मोदी सरकार ने भिक्षुकों को पुनर्वास और स्वरोजगार देने के लिए कौशल विकास केंद्र खोलना आरंभ किया है। इसी का प्रचार फिल्म में किया जा रहा है। मैंने एक भिक्षुक का रोल किया है, जो अपने साथी के साथ भिक्षा मांगने के बजाय योजना के बारे में जानकारी देकर जागरूक कर रहे हैं। मोदी सरकार ने महानगरों में चौराहों पर भीख मांगने वाले भिक्षुकों के लिए 'स्माइल परियोजना' शुरू करने का ऐलान किया है, जिसके तहत पहले चरण में इंदौर एवं उज्जैन का चयन हुआ है। इंदौर में इस योजना के तहत नगर निगम को 8.46 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मिलने जा रही है, जिसमें डेढ़ करोड़ रुपए हाल ही में मिले हैं। इंदौर में अभियान के तहत 2 करोड़ रुपए में कौशल प्रशिक्षण केंद्र बनाए जाएंगे। इंदौर को भिक्षुक मुक्त शहर बनाने के लिए प्रशासन लंबे समय से प्रयास कर रहा है। अभियान चलाने के बावजूद भिक्षुक शहर में देखे जा सकते हैं।

### सीमांत प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करना समय की मांग

## सैन्य प्रशिक्षण केंद्र हमारे सैनिकों को भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने को कर रहे हैं तैयार : केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने आज महू में आर्मी वॉर कॉलेज (एडब्ल्यूसी) में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के लगातार विकसित होते समय में सीमांत प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करना समय की मांग है। सैन्य प्रशिक्षण केंद्र हमारे सैनिकों को भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने की तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। युद्ध के तरीकों में देखे जा रहे आमूल-चूल परिवर्तनों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सूचना युद्ध, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित युद्ध, छद्म युद्ध, विद्युत-चुंबकीय युद्ध, अंतरिक्ष युद्ध और साइबर हमले जैसे गैर-परंपरागत तरीके आज के समय में बड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं।**



रक्षा मंत्री ने जोर दिया कि सेना को ऐसी चुनौतियों का मुकाबला करने को बेहतर तरीके से प्रशिक्षित और सुसज्जित रहना चाहिए। उन्होंने महू में प्रशिक्षण केंद्रों की इन प्रयासों में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सराहना की। उन्होंने बदलते समय के साथ अपने प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में लगातार सुधार करने और कर्मियों को हर तरह की चुनौती के लिए तैयार करने के प्रयासों के लिए केंद्रों की सराहना की।

श्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के विजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है और तेजी से एक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर रहा है। सैन्य दृष्टि से हम आधुनिक हथियारों से लैस हो रहे हैं। हम दूसरे देशों को मेड-इन-इंडिया उपकरण भी निर्यात कर रहे हैं। हमारा रक्षा निर्यात, जो एक दशक पहले लगभग 2 हजार करोड़ रुपये का था, आज 21 हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। हमने 2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य रखा है।

रक्षा मंत्री ने तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण और एकजुटता को मजबूत करने के सरकार के संकल्प को दोहराया और विश्वास जताया कि आने वाले समय में सशस्त्र बल बेहतर और अधिक कुशल तरीके से चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे। उन्होंने इस तथ्य की सराहना की कि महू छावनी में सभी विंग के अधिकारियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने अधिकारियों से इन्फैंट्री स्कूल में हथियार प्रशिक्षण, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीई) में एआई और संचार प्रौद्योगिकी और एडब्ल्यूसी में जूनियर और सीनियर कमांड में नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण के माध्यम से एकीकरण को बढ़ावा देने की संभावना तलाशने का आग्रह किया।

रक्षा मंत्री ने भारत को दुनिया की सबसे मजबूत आर्थिक और सैन्य शक्तियों में से एक बनाने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा - 'आर्थिक समृद्धि तभी संभव है जब सुरक्षा पर पूरा ध्यान दिया जाए। सुरक्षा व्यवस्था भी तभी मजबूत होगी जब अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। हम 2047 तक न केवल एक विकसित राष्ट्र बन जाएंगे, बल्कि हमारी सशस्त्र सेनाएं भी दुनिया की सबसे आधुनिक और सबसे मजबूत सेनाओं में से एक होंगी।'

श्री राजनाथ सिंह ने अधिकारियों से डॉ. बी.आर. अंबेडकर के समर्पण और भावना के मूल्यों को आत्मसात करने का भी आग्रह किया। उन्होंने बाबा साहब को न केवल भारतीय संविधान का निर्माता बताया, बल्कि एक दूरदर्शी मार्गदर्शक भी बताया। उन्होंने खासकर युवाओं को उनके मूल्यों और आदर्शों से परिचित कराने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

सीमाओं को सुरक्षित करने और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सबसे पहले अपनी सेवा देने वाले सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा - 'राष्ट्र की रक्षा के लिए यह समर्पण और लगातार बदलती दुनिया में खुद को अद्यतन रखने की भावना हमें दूसरों से आगे ले जा सकती है। इससे पहले रक्षा मंत्री ने इन्फैंट्री मेमोरियल पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

रक्षा मंत्री ने 29 दिसंबर को महू में एडब्ल्यूसी, एमसीटीई, इन्फैंट्री स्कूल और आर्मी मार्कस्मैनशिप यूनिट का दौरा किया। उन्होंने कहा कि ये सभी प्रतिष्ठान मिलकर देश के स्वर्णिम अतीत और मजबूत, समृद्ध और उज्ज्वल भविष्य का संगम बनाते हैं। उन्होंने एमसीटीई में संचालित क्वांटम टेक्नोलॉजी लैब और एआई लैब को युद्ध के उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

अपने दो दिवसीय दौरे के बाद एयरपोर्ट इंदौर पर रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह को जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, पूर्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## रात में सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे आयुक्त, लापरवाही पर हुए नाराज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने सोमवार रात रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई काम में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई भी की।



निरीक्षण के दौरान आयुक्त शिवम वर्मा ने जेल रोड और जोन क्रमांक 3, 9 और 10 में आने वाले विभिन्न क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मालवा मिल चौराहा, पाटनीपुरा चौराहा, एमआईजी थाना, विकास नगर पानी की टंकी, इंद्रप्रस्थ टावर चौराहा, रीगल चौराहा सहित कई स्थानों पर निरीक्षण किया। इस दौरान कई जगहों पर सफाई काम में लापरवाही मिली।

निरीक्षण के दौरान जोन 9 के वार्ड 46 के दरोगा विजय नरवले को सफाई काम में लापरवाही और सफाई संतोषजनक नहीं मिलने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इसी प्रकार, जोन 10 के सहायक सीएसआई संजय वेद का तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। साथ ही, जोन 10 के वार्ड 43 के दरोगा राहुल का भी तीन दिन का वेतन काटने को कहा गया। जोन 10 और जोन 8 में सफाई कार्य में लापरवाही करने पर संबंधित एनजीओ के प्रतिनिधियों का पांच-पांच दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। आयुक्त शिवम वर्मा ने कहा कि सफाई व्यवस्था को सुधारने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का नियमित निरीक्षण करें।

# एक्सपर्ट की निगरानी में 337 टन जहरीले कचरे की पैकिंग

## 12 कंटेनर से रात में यूका भोपाल से पीथमपुर भेजेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के गोदाम में रखे 337 मीट्रिक टन जहरीले कचरे की पैकेजिंग एक्सपर्ट की निगरानी में की जा रही है। इसे 12 कंटेनर में भरकर देर रात 250Km का ग्रीन कॉरिडोर बनाकर भोपाल से पीथमपुर ले जाया जाएगा। उधर, पीथमपुर में कचरे को जलाए जाने को लेकर प्रदर्शन हो रहा है। यहां के कई लोग दिल्ली रवाना हुए हैं। जहां वे दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे।

रविवार को एक्सपर्ट्स की मौजूदगी में कचरे को 12 कंटेनर में भरने की प्रोसेस शुरू हुई। हालांकि देर रात तक कचरा पीथमपुर के लिए रवाना नहीं किया जा सका। इस पूरी प्रक्रिया में कैंपस के अंदर जाने की मनाही है। 200 मीटर के दायरे को सील कर दिया है। रास्ते भी बंद किए गए हैं। कैंपस में 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात हैं। वहीं, कुल 400 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी, एक्सपर्ट्स और डॉक्टरों की टीम इस काम में जुटी है। गैस कांड के 40 साल बाद पीथमपुर इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट (रामकी) कंपनी के एक्सपर्ट्स की मॉनिटरिंग में ये कचरा 12 कंटेनर ट्रकों में भरा जा रहा है। जहरीला कचरा भरते हुए विशेष सावधानी बरती जा रही है। हवा में यूनियन कार्बाइड गैस फैलने के कारण 1984 में 5 हजार से अधिक मौतें हुईं थी। इसीलिए यूका परिसर में 3 जगहों पर एयर क्वालिटी की मॉनिटरिंग के लिए उपकरण लगाए हैं। इनसे पीएम 10 व पीएम 2.5 के साथ नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाई ऑक्साइड आदि की जांच की जा रही है। कचरा जिस स्थान पर रखा है, उस इलाके की धूल भी कचरे के साथ जाएगी। यदि कहीं कचरा गिरा है तो उस जगह की मिट्टी को भी पीथमपुर ले जाया जाएगा। इस मिट्टी और धूल की भी टेस्टिंग होगी। जांचा जाएगा कि कहीं मिट्टी भी तो जहरीली नहीं हुई?। हर कंटेनर का एक यूनिक नंबर होगा। ये ट्रक कंटेनर जिस रूट से निकलेंगे उसकी सूचना जिला प्रशासन को दे दी जाएगी। रास्ते पर ट्रैफिक रोकने की जिम्मेदारी भोपाल और इंदौर के संभाग आयुक्तों को सौंपी गई है। ट्रक करोंद मंडी होते हुए पीपुल्स मॉल, करोंद चौराहा, गांधी नगर, मुबारकपुर, सीहोर नाका होते हुए इंदौर जा रहे हैं। यह रूट इसलिए चुना गया है, क्योंकि रात के समय इस रूट पर ट्रैफिक का दबाव कम रहता है।



## नौकरी नहीं मिलने पर युवक ने खदान शुरू की... 4.1 कैरेट उज्जवल किस्म का मिला हीरा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना।** पन्ना में एक युवा को 4.1 कैरेट के उज्वल किस्म का हीरा खुदाई के दौरान मिला है। सोमवार को युवक अपने पिता व मित्रों के साथ पहुंचकर हीरे को हीरा कार्यालय पन्ना में जमा कर दिया है, जो आगामी नीलामी में रखा जाएगा। नौकरी नहीं मिलने पर अजय सिंह यादव ने हीरा खदान शुरू किया था। हीरा धारक अजय सिंह यादव ने बताया कि वह ग्रेजुएट की पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी का प्रयास कर रहा था, लेकिन सफल नहीं हुआ। इसके बाद हीरा खदान में किस्मत आजमाने का विचार किया और इसी विचार को अंजाम तक पहुंचाने के लिए ग्राम सरकोहा के लच्छी पाल की निजी भूमि में हीरा खदान के लिए हीरा कार्यालय पन्ना से पट्टा जारी करवाया। अजय ने फरवरी 2024 में खदान शुरू की। यहां 10 महीने की मेहनत के बाद 30 दिसंबर 2024 को 4.1 कैरेट का नायाब हीरा मिला है जो हीरा कार्यालय पन्ना में जमा कर दिया गया है। अजय जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव के बेटे हैं। अजय सिंह ने बताया कि हीरा नीलामी से मिलने वाली रकम से वह कोई व्यवसाय शुरू करेगा।

## नाबालिग से दोस्त ने किया दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के देहात थाना क्षेत्र में 15 साल की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। नाबालिग से रेप करने वाला 24 साल का दोस्त है। जिसने धोखे से पीड़ित को प्यार के झांसे में लेकर दुष्कर्म किया। बाद में उसने पीड़िता को घर ले जाकर छोड़ दिया। पीड़िता ने अपने पिता को युवक की करतूत बताई। जिसके बाद पीड़िता ने रात में थाने पहुंचकर आरोपी अजय पिता बारेलाल जराने(24) निवासी ग्राम पलासडोह के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक 15 साल की नाबालिग पीड़िता कक्षा 8वीं तक पढ़ी। उसकी मां की मृत्यु हो चुकी है। पलासडोह के रहने वाले आरोपी अजय जराने को वो करीब 2 साल से जानती है। आरोपी ने उसे झांसे में लेकर प्रेम जाल में फंसाया। 28 दिसंबर की शाम करीब 4 बजे पीड़िता के घर आया और उसे घुमाने ले गया।

## पटवारी बोले-सौरभ शर्मा की हो सकती है हत्या, गिरफ्तारी हुई तो कई चेहरे होंगे बेनकाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। राजधानी भोपाल में मिले 52 किलो सोना और 10 करोड़ नगद मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की हत्या हो सकती है। क्योंकि वह जब भी सामने आएगा, कई लोगों के चेहरे बेनकाब होंगे। इसलिए सरकार को चाहिए कि उसकी गिरफ्तारी कर उसे सुरक्षा दे और भ्रष्टाचार का सच सामने लाए। सौरभ शर्मा के वकील भी उनके एनकाउंटर की आशंका जता चुके हैं।**



पटवारी ने सोमवार को भोपाल में मीडिया से बात करते हुए कहा कि बीजेपी के राज में भ्रष्टाचारी चेहरा कैसा होता है, यह दिखने लगा है। जनता को साफ हो गया है कि यह करप्शन, क्राइम, कर्ज और कमीशन की सरकार है। उन्होंने कहा कि सौरभ शर्मा की हत्या हो सकती है, यह बात मैं पहले भी कह चुका हूं, जब सौरभ के भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ था। अब फिर इस आशंका को दोहरा रहा हूं। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि यह लूट के पैसे की लड़ाई है। जिन लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई, वे सभी लूटपाट कर रहे हैं और एक से डेढ़ करोड़ तक की अवैध कमाई कर रहे हैं। पटवारी ने उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन के लिए वसूले जा रहे पैसों का जिक्र करते हुए कहा कि बीजेपी के शासन में भगवान के दर्शन के लिए भी पैसे वसूले जा रहे हैं। ये ऐसे भोलेनाथ के भक्त हैं। यह भाजपा की सरकार है। यह आरएसएस से जुड़े लोगों का नैतिक दायित्व है, जो ऐसा करा रहे हैं।

## नरहरी और कोठारी बने प्रमुख सचिव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2001 बैच के अधिकारी पी नरहरी और डा नवनीत मोहन कोठारी को पदोन्नत कर प्रमुख सचिव बनाया गया है। दोनों अधिकारियों की पदस्थापना यथावत रहेगी। नरहरी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और कोठारी पर्यावरण आयुक्त के पद पर कार्य करते रहेंगे। इसके अलावा 2009 बैच के 16 अधिकारियों को पदोन्नत कर सचिव बनाया गया है। सभी की पदस्थापना यथावत रखी गई है। 2016 बैच के आइएएस को नौ साल की सेवा पूर्ण कर लेने पर कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड और 2012 ग्रेड के अधिकारियों को प्रवर श्रेणी वेतनमान स्वीकृत किया गया है। सचिव स्तरीय पद पर पदोन्नत होने वालों में निम्न अधिकारियों में प्रियंका दास, अविनाश लवानिया, सूफिया फारूकी वली, अभिषेक सिंह, धनराजू, इलैया राजा टी, प्रीति कैथिल,अजय गुप्ता, अमित तोमर, श्रीकांत बनोठ, शैलबाला मार्टिन, वंदना वैद्य,अनुभा श्रीवास्तव, प्रबल सिपाहा, सतेंद्र सिंह, और मनीष सिंह शामिल हैं।

# सभी विकास कार्य नियोजित ढंग से और तय समय-सीमा में ही पूरे करें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## जनकल्याण के काम प्राथमिकता से पूरे किए जाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी प्रकार के लंबित अधोसंरचनात्मक विकास एवं निर्माण कार्य नियोजित ढंग से जल्द से जल्द पूरे किए जाएं। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कोई कमी न रहे। कार्य की गुणवत्ता से ही अधिकारियों का कार्य प्रदर्शन मूल्यांकन किया जाएगा। सुनिश्चित करें कि सभी प्रकार के कार्य तय समय-सीमा में ही पूरे हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में रीवा एवं शहडोल संभाग के विकास एवं निर्माण कार्यों संबंधी उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को उक्त आशय के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य मापदंडों के अनुरूप या गुणवत्ताविहीन पाए गए, तो इसके लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र कुमार शुक्ल, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, रीवा संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव श्री जे.एन. कंसोटिया, शहडोल संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई सहित अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ला, प्रमुख सचिव श्री दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव श्री विवेक पोरवाल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में दोनों संभागों के सांसद, विधायक भी वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में जल संसाधन विभाग/म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा विभाग, वन विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, नगरीय प्रशासन एवं आवास विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास,जनजातीय कार्य विभाग, स्कूल शिक्षा, संस्कृति विभाग से जुड़े बिन्दुओं एवं लंबित कार्यों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।



### जन-प्रतिनिधियों के सुझाव सुनें, उन पर अमल भी करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनता से जुड़े कार्यों में जन-प्रतिनिधियों के सुझाव लिये ही जाने चाहिए। इसलिए सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग के निर्माण कार्यों के संबंध में स्थानीय सांसद, विधायक एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद करें, उनसे सुझाव लें और इन सुझावों को अमल में भी लाएं। उन्होंने कहा कि जिन निर्माण कार्यों के पूरा होने से जनता को तुरंत राहत एवं सुविधा मिले ऐसे निर्माण कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएं।

### प्रभारी अपर मुख्य सचिव करें जिलेंवार समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संभाग स्तरीय बैठकों में जिले के जन-प्रतिनिधियों को अपनी बात रखने का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता है। इसलिए अब सभी संभागों के प्रभारी अपर मुख्य सचिव पहले जिलेंवार समीक्षा करें, सभी विधायकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बात और सुझाव सुनें, इसके बाद ही संभाग स्तर की बैठक में समन्वित रूप से लंबित निर्माण कार्यों की समीक्षा करें।

## संपादकीय

# 2025 सबसे गर्म वर्षों में हो सकता है शुमार

नए साल 2025 दुनिया के सबसे अधिक गर्म तीन साल में से एक हो सकता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) ने सोमवार को चेतावनी दी कि 2024 का रिकॉर्ड तोड़ने वाला तापमान अगले साल भी जारी रहेगा। इसकी वजह है कि ग्रीनहाउस गैस का स्तर रिकॉर्ड ऊंचाई तक बढ़ रहा है। इससे भविष्य में और भी अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है। 2025 के लिए यूके मौसम कार्यालय के दृष्टिकोण में यह चेतावनी शामिल है। यह बताता है कि यह ग्लोबल एवरेज तापमान के लिए तीन सबसे गर्म वर्षों में से एक होने की संभावना है। यह 2024 और 2023 के ठीक पीछे होगा। WMO ने पहले ही अनुमान लगा लिया है कि 2024 रिकॉर्ड पर सबसे गर्म साल होगा। यह अब लगभग तय है कि पहली बार पेरिस समझौते की सीमा 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक होगी। यह पूर्व-औद्योगिक (1850-1900) के स्तर से ऊपर है। यह 2023 में रिकॉर्ड तोड़ 1.45 डिग्री सेल्सियस के बाद है, जो कि रिकॉर्ड पर सबसे गर्म साल था। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को अपने नए साल के संदेश में कहा कि आज मैं आधिकारिक तौर पर रिपोर्ट कर सकता हूं कि हमने अभी-अभी जानलेवा गर्मी का एक दशक झेला है। रिकॉर्ड पर शीर्ष दस सबसे गर्म साल पिछले दस सालों में हुए हैं, जिसमें 2024 भी शामिल है। डब्लूएमओ के इस अवलोकन का उल्लेख करते हुए कि 2015-2024 रिकॉर्ड पर सबसे गर्म दस साल होंगे। गुटेरेस ने कहा कि यह वास्तविक समय में जलवायु का टूटना है। हमें बर्बादी की इस राह से बाहर निकलना होगा - और हमारे पास खोने के लिए समय नहीं है। 2025 में, देशों को उत्सर्जन में नाटकीय रूप से कमी करके और नवीकरणीय भविष्य की ओर संक्रमण का समर्थन करके दुनिया को सुरक्षित रास्ते पर लाना होगा। अमेरिका के साथ लड़ाकू विमानों के इंजन की टेक्नॉलजी के ट्रांसफर डील में कई रोड़े, जीई 414 इंजन के लिए बातचीत जारी जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ता है और अत्यधिक गर्मी की घटनाएँ अधिक बार और गंभीर होती जाती हैं। डब्लूएमओ ने अत्यधिक गर्मी के जोखिमों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की बढ़ती आवश्यकता पर भी जोर दिया।

**अर्ज़ किया है..!**

*कितने मौसम सरगर्दां थे*
*मुझ से हाथ मिलाने में*
*मैं ने शायद देर लगा दी ख़ुद*
*से बाहर आने में*

-अज़्म बहज़ाद

isha



**ज्यादातर लोगों को उनके विचार, भावनाएं, और जरूरतें जीवनभर व्यस्त रखती हैं। इससे ऊपर उठना ही योग है।**

– जग्गी वासुदेव

## Health is Welth

# रात को सोने से पहले तलवों पर लगाएं घी, इन 6 समस्याओं से मिलेगी राहत

रात को सोने से पहले तलवों पर घी मलना बेहद फायदेमंद है। खासतौर पर सर्दियों में कब्ज से लेकर ज्वाइंट पेन जैसी कई सारी समस्याएं परेशान करती हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए डायटीशियन रुजुता दिवाकर घी लगाने की सलाह देती हैं। रोजाना रात को सोने से पहले अगर घी की कुछ बूंद उंगलियों पर लेकर तलवों पर लगाएं और हथेली की मदद से तब तक रगड़ें, जब तक कि हथेली गर्म ना हो जाए। तो ये हेल्थ के लिए बेनिफिशियल है। जानें तलवों पर घी मलने से होने वाले फायदे।



### कब्ज जैसी समस्या का समाधान

जिन लोगों को सर्दियों में खासतौर पर कब्ज परेशान करती है या फिर बिना कब्ज की दवा लिए पेट साफ नहीं होता। उन्हें रोजाना तलवों पर घी रब करके सोना चाहिए। ऐसा करने से क्रॉनिक कब्ज और हमेशा रहने वाली कब्ज से भी राहत मिलती है।

### ज्वाइंट्स पेन में आराम

सर्दियों में ज्यादातर लोगों के जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है। पैरों में दर्द के साथ काफी सारे लोग ठंड में कंधे में दर्द और जकड़ने से परेशान रहते है। ऐसे में रात को तलवे पर घी लेकर मलने से ये सारे ज्वाइंट्स स्टिमुलेट होते हैं और दर्द कम होता है।

### नींद आने में मदद मिलती है

जिन लोगों को नींद नहीं आती है और बेचैनी महसूस होती है। रात में बार-बार नींद खुल जाती है। ऐसे लोगों को तलवे पर घी मलकर सोना चाहिए।

### ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाता है

ठंड में ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाती हैं और साथ ही ब्लड सर्कुलेशन भी कम हो जाता है। तलवों पर देसी घी रगड़ने से ब्लड वेसल्स की सिकुड़न दूर होकार ब्लड का सर्कुलेशन बढ़ने में मदद मिलती है।

### पैरों के दर्द में आराम

जिन लोगों के काल्फ में भयंकर दर्द होता है ये पूअर डाइजेशन का सिग्नल होता है। ऐसे लोगो को भी रोजाना पैर के तलवों पर देसी घी की मसाज करके ही सोना चाहिए।

### शरीर में वात दोष बैलेंस होता है

आयुर्वेद में बीमारियों के लिए तीन चीजों को जिम्मेदार बताया जाता है। वात, पित्त और कफ। इन तीन में से जब जिस चीज की मात्रा शरीर में बढ़ जाती है तो अलग-अलग बीमारियां होने लगती है। पैर के तलवों में मालिश करने से वात को बैलेंस करने में मदद मिलती है।

New Delhi

# केजरीवाल ने 10 साल में जितना पैसा मौलवियों को दिया, वह जोड़कर पहले पुजारियों को दिया जाए: BJP

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) ने पुजारियों और ग्रंथियों से वह वादा किया दिया जिसके लिए उसे पिछले कई सालों से घेरा जा रहा था। इमामों को वेतन देती आ रही 'आप' सरकार ने अब कहा है कि यदि विधानसभा चुनाव में जीत मिली तो दिल्ली के पुजारियों और ग्रंथियों को भी 18 हजार रुपए मासिक सम्मान राशि दी जाएगी। अब तक दिल्ली सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाती रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केजरीवाल के वादे पर जोरदार प्रहार किया है। भाजपा ने इसे झूठा वादा करार देते हुए मांग की है कि पहले पुजारियों और ग्रंथियों को एरियर दिया जाए। भाजपा का कहना है कि 10 साल में



जितना मौलवियों को वेतन दिया गया वह जोड़कर पहले पुजारियों और ग्रंथियों को एकमुश्त दे दिया जाए।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक्स पर एक वीडियो जारी करते हुए केजरीवाल सरकार से पुजारियों-ग्रंथियों को तुरंत एरियर देने की मांग की। उन्होंने लिखा, '10 साल तक मंदिरों के पुजारी और गुरुद्वारों के ग्रंथी उनकी सूची में थे ही नहीं, अब उन्हें ठगने का नया नाटक शुरू किया है। इमामों को 10 साल से वेतन, और हिन्दू व सिखों को दोयम दर्जे का नागरिक समझा गया। हिम्मत है तो अगले कैबिनेट में 10 साल का एरियर देकर दिखाओ। नकली सेक्युलरिज्म का खेल अब नहीं चलेगा।' भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि केजरीवाल ने पहले महिलाओं को 'बुरबक' बनाने की कोशिश की और अब दूसरों को ज्ञान देने वाले लोगों के साथ भी ऐसा ही किया जा रहा है।

Jharkhand

## पांच मिनट में 13 लाख की लूट, रांची में बीच सड़क कैशियर से कैश छीनकर कैसे भागे अपराधी

**रांची, (एजेंसी) झारखंड की राजधानी रांची में आशीर्वाद आटा कंपनी का फ्रेंचाइजी लेने वाले के कैशियर की अपराधी पीछा कर रहे थे। डेढ़ घंटे की रेकी करने के बाद अपराधियों ने केवल पांच मिनट में लूट की घटना को अंजाम दिया। पंडरा रोड में ओटीसी ग्राउंड के पास सोमवार को फूलदीप टावर के बाहर दिन के 12.45 बजे कंपनी के कैशियर से 13 लाख रुपयों से भरा थैला लूटा और रोकने वाले होटल संचालक को गोली मारकर भाग निकला। योजनाबद्ध तरीके से अपराध की घटना को अंजाम देकर भाग निकलने से पहले अपराधियों ने अच्छी तरह से सभी प्वाइंट की जांच-परख कर ली थी।**

तीन अपराधी में से एक दिन के 11 बजे से पंडरा रोड में स्थित निजी कंपनी के कार्यालय के बाहर खड़ा था। इस रेकी के दौरान वह समीप के एक स्टॉल पर चाय पी थी और बाद में खैनी भी खाया था। दिन के 12.30 बजे कैशियर कार्यालय से रुपयों से भरा लाल रंग का थैला लेकर बाहर निकला और कार में सवार हुआ। कार की अगली सीट पर बैठने से पहले उसने रुपयों से भरे थैले को पीछे की सीट पर रख दिया था। रुपए लेकर बैंक जा रहे कैशियर से छिनतई को लेकर रेकी कर रहे अपराधी ने मोबाइल से अपने उन दो साथियों को सूचना दी थी, जो फूलदीप टावर परिसर में एक निजी बैंक के बाहर चहलकदमी कर रहे थे। इसके बाद दोनों अपराधी अलर्ट मोड में आ गए। वहीं, कंपनी के कार्यालय के बाहर सड़क के दूसरी छोर पर रखी बाइक से रेकी करने वाला अपराधी कार के पीछे हो लिया। बैंक के बाहर वह इंजन को चालू हालत में रखकर बाइक से सड़क के एक छोर पर साथियों का इंतजार करने लगा।

Chhattisgarh

## भगवान शिव को चढ़ाने के लिए 11वीं की छात्रा ने काट ली अपनी जीभ, खुद को मंदिर में किया बंद

**छत्तीसगढ़, (एजेंसी)** सक्ती जिले से एक हैरान कर देना वाला मामला सामने आया है। यहां 11वीं कक्षा की छात्रा ने कथित तौर पर अंधविश्वास के कारण अपनी जीभ काट ली। जिले के ग्राम देवरघटा के अचरीपाली में 16 वर्षीय छात्रा ने अपनी जीभ काट कर भोले बाबा को समर्पित किया है। मंदिर परिसर में खून फैला हुआ है, खुद को मंदिर के अंदर बंद कर साधना में बैठ गई है। वहीं, पुलिस वालों को गांव के लोगों ने मंदिर के अंदर जाने नहीं दिया। मामला डभरा थाना क्षेत्र का है। सोमवार की सुबह 7 बजे छात्रा ने घर के पास तलाब के किनारे बने भोले बाबा के मंदिर में अपनी जीभ को काट कर समर्पित कर दी। छात्रा ने नोट भी लिखा है। घटना की जानकारी पुलिस अधिकारियों को मिलने पर टीम के साथ प्रशानिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हुए थे। मगर उन्हें मंदिर के अंदर जाने नहीं दिया। वहीं, गांव के लोगों ने मंदिर के चारों तरफ को घेर लिया। छात्रा के माता-पिता को पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा समझाया गया और उसे अस्पताल ले जाने की बात की।

Uttarpradesh

## लखनऊ में आबादी के बीच घूम रहा बाघ बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं घरों में कैद

**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ में रहमान खेड़ा के जंगल और आसपास के करीब 15 किमी. के दायरे में बाघ की हलचल एक दर्जन गांवों के लोग दहशत में हैं। बाघ के खौफ ग्रामीणों के व्यापार, किसानी और बच्चों की पढ़ाई पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। दिन ढलते ही सड़को पर सन्नाटा पसर जाता है। गांव की गलियां सूनी पड़ जाती है और बच्चे घरों में दुबक जाते हैं। हालात ऐसे हैं कि किसान खेतों में उगाई गयी सब्जियों को बेचने मंडी नहीं जा पा रहे है। रखवाली के अभाव में फसलें खराब हो रही है या आवारा जानवर फसल चर जा रहे है। स्कूलों में बच्चो की संख्या लगातार कम हो रही है। किसान, छात्र और बुजुर्गो की दिनचर्या बदल गई है।

बाघ की दहशत से सबसे ज्यादा प्रभावित मीठे



नगर और बुधड़िया गांव हैं। इन गांवों में बाघ ने जानवरों का शिकार किया है। दोबारा भी शिकार की तलाश में आने के प्रमाण मिले हैं। यहां सबसे ज्यादा किसान प्रभावित है, जिसकी वजह से फसलों की देख रेख में परेशानी हो रही है।

खेल

## आईसीसी ने साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी की नामांकन सूची जारी की, भारत की ओर से बुमराह शामिल

**दुबई, (एजेंसी)** अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी की नामांकन सूची जारी की है जिसमें भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट शामिल हैं। बुमराह पिछले कुछ समय से टेस्ट प्रारूप में शानदार लय में दिख रहे हैं और वह यह पुरस्कार जीतने के प्रबल दावेदार हैं। मालूम हो कि बुमराह को साल के सर्वश्रेष्ठ टी20 खिलाड़ी की नामांकन सूची में जगह नहीं मिली थी।

### इस साल बुमराह ने किया प्रभावित

रूट और बुमराह के अलावा इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक और श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस को चार नामित खिलाड़ियों में शामिल हैं। बुमराह फिलहाल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेल रहे हैं और इस सीरीज में सबसे सफल गेंदबाज हैं। इतना



ही नहीं उन्होंने हाल ही में टेस्ट में 200 विकेट भी पूरे किए थे। बुमराह 2024 में टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 13 मैच में 14.92 की औसत और 30.16 के स्ट्राइक रेट से 71 विकेट चटकाए हैं जो पारंपरिक प्रारूप में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। आईसीसी ने पर्थ में बुमराह के मैच का रुख बदलने वाले स्पैल को उनके सबसे यादगार प्रदर्शन में से एक माना जिसकी बदौलत भारत ने 295 रन से जीत दर्ज की।

आईसीसी ने कहा, 2023 में पीठ की चोट से उबरने के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले बुमराह ने 2024 में गेंदबाजी में अपना दबदबा बनाया। इस कैलेंडर वर्ष में 13 टेस्ट मैच में बुमराह ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 71 विकेट चटकाए और इस प्रारूप में सबसे सफल गेंदबाज रहे। चाहे दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियां हों या स्वदेश में तेज गेंदबाजों के लिए कठिन परिस्थितियां, बुमराह ने पूरे साल प्रभावशाली प्रदर्शन किया। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इस तेज गेंदबाज ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### इंग्लैंड के दो खिलाड़ियों को मिली जगह

इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज रूट इस साल सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज रहे जिन्होंने 17 टेस्ट मैच में 55.57 की औसत से 1556 रन बनाए। 34 वर्षीय रूट ने अपने करियर में पांचवीं बार एक कैलेंडर वर्ष में एक हजार रन का आंकड़ा पार किया, जबकि इस दौरान उन्होंने छह शतक और पांच अर्धशतक लगाए। रूट के हमवतन ब्रूक भी 12 टेस्ट में 55.00 की औसत से 1100 रन बनाकर सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेट में रूप में नामित चार खिलाड़ियों की सूची में जगह बनाने में सफल रहे। ब्रूक ने इस दौरान चार शतक और तीन अर्धशतक लगाए और 2024 में सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर हैं।

सिनेमा

## जीना नहीं चाहती थी... तनाज ईरानी की तीन साल में हो गई बदतर हालत, कहा- व्हीलचेयर से रेंगकर बेड तक जा पाती थी



एक्ट्रेस तनाज ईरानी लंबे समय से बीमार चल रही हैं और वो रह-रहकर अपने दिल का दर्द बयां करती रहती है। तनाज को इंडस्ट्री में काफी साल हो चुके हैं और वो कई सारे शोज में नजर आ चुकी हैं लेकिन इन दिनों उनकी हालत बहुत खराब है। तनाज ने हाल ही में अपनी लाइफ के सबसे मुश्किल फेज के बारे में बात करते हुए याद किया कि कैसे 2021 में कई स्वास्थ्य समस्याओं के कारण उन्हें लंबे समय तक व्हीलचेयर पर रहना पड़ा। उस कठिन दौर पर बात करते हुए तनाज ने इनर हैबिट पॉडकास्ट पर खुलासा किया कि इसका असर उनके दिमाग पर भी हुआ। उन्होंने कहा, 'मुझे 2021 में चलने में समस्या थी। मैं सोच रही थी कि क्या यह सिर्फ एक पैच है या शायद मेरा वजन बहुत अधिक बढ़ गया है और मैं एक वैद्य के पास जाने के बारे में सोच रही थी। मैं सोचती रही 'इस बैक में क्या खराबी है?' मैं इससे बेहतर नहीं हो सकी। क्योंकि मुझे लगा कि मेरा वजन बहुत बढ़ रहा है, इसलिए मैं एमएमए में शामिल हो गई, जिससे समस्या की गंभीरता बढ़ गई। मैंने जाकर अपनी पीठ की जांच कराई, मुझे लगा कि मेरी रीढ़ की हड्डी में कुछ गड़बड़ है और लगभग तीन वर्षों तक मैंने यही उपचार किया।'

## Highlights

1. Police to arrange cabs for drunk people on New Year's Eve in Noida
2. Pawan Kalyan finds fault with Allu Arjun; supports Revanth Reddy
3. Andhra's '4 wise monkeys' push for responsible social media use
4. Mohandas Pai calls out Indigo for 'poor' passenger experience
5. CT Ravi asks Guv to take action against police for illegal arrest
6. Karnataka Home Minister assures safety measures for New Year's eve

# Pre-Budget meet: India Inc seeks personal income tax cut, flags dumping by China




**NEW DEIHI, (Agency).** Representatives from industry bodies sought reduction in personal income tax rates to ensure higher disposable income in the hands of the middle class, reduction in excise duty on fuel, and measures to provide impetus to employment-intensive sectors in their customary pre-Budget meeting with the Finance Minister on Monday. Industry bodies also raised the issue of dumping of excess stock by China globally, including in India, and challenges posed to food security and inflation due to the "climate emergency", during the fifth pre-Budget consultation meeting. The 2025-26 Union Budget will be presented on February 1. Apart from the finance minister, the meeting was attended by finance secretary, secretary of DIPAM (Department of Investment and Public Asset Management), Secretaries of the Department of Economic Affairs and the Chief Economic Adviser to the Government of India, among others. Speaking to the media after the meeting, CII President Sanjiv Puri said while the Indian economy is doing very well, globally there are a lot of challenges.

"We are seeing dumping of a lot of products (by China) into various parts of the world, including India. We also have the issue of climate emergency, which, besides other things, also impacts food and nutrition, (food) security and inflation. In this context we have made several suggestions and ideas".

He said the CII has sought measures to provide impetus to areas that have large employment potential like garments, footwear, tourism, furniture, among others, apart from making suggestions for MSMEs and integrating India into global value chains.

# Digital wallet payments can now be made using any UPI app

**NEW DEIHI, (Agency).** The Reserve Bank of India (RBI) has now allowed users to pay from their digital wallets using any UPI-enabled app, as long as the wallet has also completed full KYC (Know Your Customer) verification.

It means that users will no longer be restricted to a single app for making transactions.

"A PPI issuer shall enable holders of only its full-KYC PPIs to make UPI payments by linking its customer PPIs to its UPI handle. UPI transactions from PPI on the issuer's application shall be authenticated using the customer's existing PPI credentials.

Such a transaction will, thus, be pre-approved before it reaches the UPI system. A PPI issuer, in its capacity as a PSP, shall not on-board customers of any bank or any other PPI issuer," according to an RBI notification dated December 27, 2024.

"A PPI issuer may also facilitate discovery of its full-KYC PPIs on third-party UPI mobile applications, who, in turn shall enable such PPIs to be linked to their PSP handle/s. Such UPI transactions, from PPIs using third party UPI applications, shall be authenticated using the UPI credentials," the notification read. For example, if you have money in a digital wallet such as Paytm or PhonePe, you can also use it to pay at shops or online without having to switch between different apps.

# नववर्ष बधाई संदेश की अज्ञात लिंक-APK क्लिक न करें

## इंदौर के एडिशनल DCP बोले- स्क्रीन शेयरिंग ऐप से हैक हो सकता है वाट्सऐप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नववर्ष पर एक-दूसरे को शुभकामना संदेश, फोटो-वीडियो भेजे जाएंगे। आपके पास भी ऐसे ढेरों मैसेज आएंगे। लेकिन, अज्ञात नंबरों से आने वाले शुभकामना संदेश को लेकर सावधान रहे। नहीं तो इसका फायदा साइबर फ्रॉड उठा सकते हैं। इंदौर में वॉट्सऐप हैक होने की कई शिकायतें क्राइम ब्रांच के पास पहुंच रही है।**

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया से दैनिक भास्कर ने चर्चा की। बताया कि अज्ञात नंबरों से कोई आपको नया साल विश करता है, कोई लिंक या APK फाइल भेजता है तो सावधान रहने की जरूरत है।

इस पर क्लिक करते ही आपका वॉट्सऐप हैक हो सकता है। आपके पास 'देखिए आपके स्कूल के दोस्त ने क्या भेजा है', 'आपके पुराने मित्र ने क्या भेजा है', 'मैंने आपको नए साल की शुभकामनाएं भेजी है', 'आपको पार्सल भेजा है' जैसे मैसेज आ सकते हैं। इनसे सतर्क रहें।

**ऑनलाइन शॉपिंग ऑफर्स में भी रखे ध्यान-** नए साल में कई कंपनियां अपने ग्राहकों के लिए नई स्कीम लाती है। जिसका फायदा साइबर फ्रॉड करने वाले उठाते हैं। वे भी लुभावना विज्ञापन तैयार कर सोशल मीडिया पर डालते है। ऐसे में सोशल मीडिया पर किसी भी विज्ञापन को देखकर उस पर क्लिक ना करें। ऐसा करने पर आप फिशिंग वेबसाइट पर चले जाएंगे और वहां आपके साथ फ्रॉड हो सकता है।

**इन बातों का रखें ध्यान-** नए साल के जश्न के साथ हमें सावधानियां रखने की जरूरत है। मोबाइल पर अज्ञात नंबरों से आए अज्ञात मैसेज, लिंक या APK फाइल को क्लिक ना करें। ऑनलाइन शॉपिंग करने के दौरान भी आप सिक्योर वेबसाइट का इस्तेमाल करें। शॉपिंग करने के पहले वेबसाइट को आईडेंटिफाई कर ले कि वेबसाइट सही है या नहीं। इसलिए किसी भी अज्ञात नंबर से आए मैसेज और विज्ञापन पर क्लिक ना करें। अगर आपके साथ फ्रॉड हो जाता है तो तत्काल इसकी शिकायत क्राइम ब्रांच में करें।

# क्राइम ब्रांच ने ढूंढे 25 लाख के 115 मोबाइल

### एमपी, महाराष्ट्र, राजस्थान से बरामद कर मालिकों को सौंपे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर क्राइम ब्रांच ने टीम ने 25 लाख रुपए के 115 मोबाइल फोन ढूंढ निकाले। ये वो फोन हैं, जिन्हें बदमाश छीनकर कर ले गए, चोरी हो गए या गुम गए थे। इनकी शिकायत लोगों ने सिटीजन कॉप एप्लीकेशन पर की थी। इन मोबाइलों को मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र से बरामद किया गया।

दीपक भूरिया ने बताया- मैं ई-रिक्शा चलाता हूं। एक महीने पहले छत्रीपुरा इलाके में रिक्शा चलाने के दौरान किसी ने उन्हें रोका और बात करने लगे। इस बीच बदमाश उनकी रिक्शा से मोबाइल फोन चुरा ले गया था। दीपक ने बताया, मैंने 12 हजार रुपए का ये मोबाइल किश्तों पर लिया था। किश्त पूरी होते ही मोबाइल भी चोरी हो गया था। इसके बाद दूसरा फोन खरीदना पड़ा था। बेटी ने मोबाइल गुम होने की ऑनलाइन शिकायत की थी। आज उन्हें मोबाइल फोन वापस मिल गया। वे काफी खुश है। स्टूडेंट खुशबू सोनी ने बताया कि नवंबर माह में वह विजय नगर क्षेत्र में रोड से जा रही थी। मोबाइल फोन हाथ में था। बाइक सवार दो बदमाश पीछे से आए और मोबाइल छिनकर भाग निकले थे। घटना की शिकायत विजय नगर थाने पर ऑनलाइन की थी। 22 हजार रुपए का मोबाइल फोन केश में लिया था। उम्मीद थी कि मुझे मेरा मोबाइल वापस मिल जाएगा और आज मिल भी गया। जूनी इंदौर क्षेत्र में रहने वाले सतीश गुप्ता ने बताया वे ऑर्डर पर खाना बनाने का काम करते है। खाने बनाने के लिए गए हुए थे। दुकान पर बेटी थी, तभी एक व्यक्ति अंदर तक आ गया। बेटी ने टोका तो बोला आधा किलो मिक्चर तोल कर रखो मैं आता हूं। इस दौरान वह मोबाइल लेकर चला गया था। उस वक्त नहीं लगा था कि मोबाइल फोन मिल पाएगा। काफी खुशी है कि मोबाइल फोन मिल गया। सिटीजन कॉप एप्लीकेशन पर मिली शिकायतों को लेकर डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी और एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि हमारी टीमें लगातार काम कर रही है। गुम मोबाइल फोन की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए टीम ने इंदौर सहित देश के विभिन्न शहरों में चल रहे मोबाइल फोन को बरामद किया। 115 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं, जिसमें हजारों रुपए की कीमत के महंगे मोबाइल फोन भी शामिल हैं।

# बात करते हुए पैदल जा रहे थे, बाइक से आए बदमाश कर गए वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एमआईजी में डिलीवरी कंपनी के मालिक का मोबाइल लूट लिया गया। वे रोड किनारे मोबाइल पर बात करते हुए पैदल चल रहे थे। इतने में पीछे से आए बाइक पर सवार दो बदमाश मोबाइल छीन ले गए। घटना लिंक रोड पर पेट्रोल पंप के पास रविवार शाम 6.42 बजे की है। इसका सीसीटीवी फुटेज सोमवार को सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। एमआईजी थाने की पुलिस के मुताबिक, सतीश सिंह के साथ लूट की वारदात हुई है। वे शहर के अयोध्यापुरी के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका डिलीवरी का काम है। खजराना रोड के पास ऑफिस है। यहां गाड़ी खाली होनी थी। अपने एक परिचित को गाड़ी खाली करने की बात कही। इसके बाद भाई को कॉल कर घर से लेने आने के लिए कहा। पैदल ही मोबाइल पर बात करते हुए चौराहे की ओर जाने लगे, इतने में बदमाश लूट कर गए।



### फाइलें पेंडिंग रखने पर आयुक्त का सख्त एक्शन

# दो अधिकारी सस्पेंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में फाइलें पेंडिंग रखने पर आयुक्त शिवम वर्मा ने कड़ा रुख देखने को मिला है। संबंधित अधिकारियों पर निलंबन से लेकर शौकाज नोटिस जारी करने तक की कार्रवाई की गई है।**

नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने सोमवार को जनकार्य विभाग और ड्रेनेज विभाग के प्रभारी अधीक्षक द्वारा विकास काम और भुगतान के संबंधित प्रकरणों में देरी संबंधी शिकायत मिलने पर जनकार्य विभाग के प्रभारी अधीक्षक प्रशांत दीघे और ड्रेनेज विभाग प्रभारी अधीक्षक योगेंद्र वर्मा को निलंबित किया। साथ ही विभागीय जांच भी बैठाई। वहीं जनकार्य विभाग अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी, कार्यपालन यंत्री मनोज जैन और ड्रेनेज विभाग के विभाग प्रमुख अधीक्षण यंत्री विवेश जैन को प्रकरण के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सोमवार को विकास कार्य से संबंधित जुड़ी फाइलों और भुगतान मामलों में देरी से संबंधी शिकायत मिलने पर आयुक्त ने जनकार्य विभाग में कार्यरत प्र. अधीक्षक और ड्रेनेज विभाग के प्र.अधीक्षक को बुलाकर फाइलों को पेंडिंग रखने और देरी करने के बारे में जानकारी ली। जिसमें सामने आया कि दोनों विभाग में लगभग 1-2 महीने तक प्रकरण लंबित रखे गए। इस संबंध में प्रशांत दीघे और योगेंद्र वर्मा से जानकारी मांगी। तो संतोषजनक जवाब नहीं मिली। जिसके बाद काम में लापरवाही के चलते दोनों को निलंबित किया। भुगतान से संबंधित फाइलों को पेंडिंग रखने को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने जांच करने के निर्देश दिए है। साथ ही जांच में जो भी दोषी पाएगा उन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## थूकने की बात पर विवाद...

**इंदौर।** सिंधी कॉलोनी में एक क्रॉकरी शॉप पर काम करने वाले कर्मचारी पर जूनी इंदौर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। कर्मचारी का रविवार रात सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। युवक के परिवार का आरोप है कि व्यापारियों ने उसके साथ मारपीट की। आवेश में वह चापर (धारदार हथियार) निकाल लाया। इसके बाद भी उसका वीडियो बनाते हुए मारपीट करते रहे। पुलिस ने मारपीट करने वाले व्यापारियों पर कार्रवाई नहीं की। जूनी इंदौर पुलिस ने सचिन्द्र अहिरवार निवासी पंचशील नगर पर आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक